कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पन्ना (म0प्र0)

:: **विविध आदेश** ::

क्रमांक– /चार–03–01/1980 पन्ना, दिनांक : 20 अक्टूबर, 2023

मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा प्रशिक्षु न्यायाधीशगण हेतु जारी प्रशिक्षण शेड्यूल प्रोग्राम के अंतिम चरण में प्रशिक्षु न्यायाधीश को स्वतंत्र रूप से न्यायालय आयोजित करके सिविल एवं आपराधिक कार्यवाहियों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है।

अतः न्यायिक कार्य सुविधा एवं कार्यव्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये, सुश्री श्वेता रघुवंशी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पन्ना के अतिरिक्त प्रथम व्यवहार न्यायाधीश (प्रशिक्षु) पन्ना को जिला न्यायालय परिसर अंतर्गत भूतल पर स्थित कक्ष क्रमांक–13 न्यायालयीन कार्य संचालित किये जाने हेतु आवंटित किया जाता है।

(भावना साधौ)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
पन्ना (म.प्र.)

पृष्ठां0 क्रमांक /चार–03–01/1980 पन्ना, दिनांक अक्टूबर, 2023
प्रतिलिपि :–

01. कु0 श्वेता रघुवंशी, प्रशिक्षु न्यायाधीश पन्ना

02. प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग/कम्प्युटर अनुभाग पन्ना

03. जिला नाजिर, नजारत अनुभाग पन्ना की ओर प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि न्यायालय कक्ष क्रमांक– 13 में आवश्यक फर्नीचर, कुर्सी, टेबिल इत्यादि स्थापित कराये जाकर साफ–सफाई करवाई जाना सुनिश्चित किया जावे।

04. श्री बुद्धिराज सिंह, जूनियर सिस्टम एनालिस्ट पन्ना की ओर प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि न्यायालय कक्ष क्रमांक–13 में कम्प्युटर, प्रिंटर एवं नेटवर्क स्थापित किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे न्यायालय की कार्यवाहियां सुचारू रूप से निर्वहन हो सकें।

05. प्रस्तुतकार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पन्ना की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला रजिस्ट्रार
कार्या0 प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
पन्ना, (म0प्र0)

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पन्ना, (म0प्र0)

Telephone No :- 07732-292821 E-mail ID : dcourtpan-mp@nic.in

—:: <u>विविध आदेश</u> ::—

क्रमांक /चार—03—01/1980 पन्ना, दिनांक 08 सितम्बर, 2023

01— मान्नीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर के आदेश क्रमांक 774/गोपनीय/2023/दो—2—1/2023 जबलपुर, दिनांक 29.08.2023 के माध्यम से श्री इंद्रजीत रघुवंशी, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश की पदस्थापना ''प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना'' **एवं** श्री महेन्द्र मांगोदिया, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना की पदस्थापना ''द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना'' के रूप में होने के फलस्वरूप दोनो न्यायिक अधिकारीगण द्वारा अपने नवीन पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

अतः मैं भावना साधौ, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पन्ना प्रशासकीय कार्य सुविधा एवं व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये, दोनो न्यायिक अधिकारीगण को पूर्व से निर्धारित/आवंटित न्यायालय कक्ष में ही न्यायालयीन कार्य संचालन एवं बैठक व्यवस्था हेतु निम्नानुसार आवंटित करती हूँ :—

क्र0	न्यायालय/पीठासीन अधिकारी का नाम	वर्तमान स्थान/न्यायालय कक्ष कमांक	नवीन बैठने का स्थान
01	श्री इंद्रजीत रघुवंशी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना	कक्ष क्र0—18	कक्ष क्र0—18
02	श्री महेन्द्र मांगोदिया, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना	कक्ष क्र0—08	कक्ष क्र0—08

02— इसी प्रकार, प्रशासनिक व्यवस्था एवं कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये तहसील न्यायालय पवई में संचालित न्यायालय ''जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पवई'' एवं ''व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पवई'' के कक्षों को आपस में विनिमय (Exchange) करते हुये, श्री रामसिंह बघेल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पवई को न्यायिक कार्य संचालित किये जाने एवं बैठक व्यवस्था हेतु **''**<u>जिला एवं अपर सत्र पवई का न्यायालय कक्ष</u>**''** **एवं** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवई को **''**<u>व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पवई का न्यायालय कक्ष</u>**''** आवंटित किया जाता है।

(भावना साधौ)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
पन्ना,(म0प्र0)

पृष्ठां0क्रमांक /चार—03—01/1980 पन्ना, दिनांक 08 सितम्बर, 2023

प्रतिलिपि :—

01. श्री इंद्रजीत रघुवंशी, प्रथम जिला न्यायाधीश पन्ना

02. श्री महेन्द्र मांगोदिया, द्वितीय जिला न्यायाधीश पन्ना
03. जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पवई/प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग पवई
04. श्री रामसिंह बघेल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पवई
05. प्रस्तुतकार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पन्ना
06. लेखापाल, कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पन्ना

..........की ओर विविध आदेश की प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
पन्ना,(म0प्र0)